INDIA NEWS COMMUNICATIONS

PUBLICATION	EDITION	DATE
Dainik Savera	Chandigarh	08/04/2017

कामधेनु नेक्स्ट नई पीढ़ी का इंटरलॉक स्टील का पंजाब मार्किट में उतारा

चंडीगढ़, 7 अप्रैल (राकेश शर्मा): निर्माण के लिए इस्पात के आधुनिकीकरण की दिशा में कार्य करते हुए कामधेनु लिमिटेड ने उच्च गुणवत्ता वाले इंटरलॉक रीबार कामधेनु नेक्स्ट को पंजाब की मार्किट में ही नहीं देश में पहली बार चंडीगढ़ में पेश किया। बेजोड़ मज़बूती, बेहतर क्षमता वाला कामधेनु डबल रिब सरिये की उन्नत किस्म है जिसे कंपनी ने काफी आर एंड डी के बाद बाज़ार में उतारा है। कंक्रीट को अन्य सरिये के मुकाबले ढाई गुना ज्यादा इंटरलॉक पकड़ देने वाला कामधेनु नेक्स्ट सभी मानकों पर खरा है। इस बारे में कंपनी के निदेशक सुनील अग्रवाल ने प्रैस वार्ता में कहा कि इस्पात उत्पादों के निर्माण के लिए नई तकनीक और अनुसंधान पर जोर देते है ताकि

कंपनी निदेशक अग्रवाल जानकारी देते हुए।

उन्नत और बेहतर उत्पाद को हम बाज़ार में पेश कर सके। कामधेनु नेक्स्ट विदेशी तकनीक पर तैयार किया है जो विदेशों में स्टील को तैयार करने में प्रयोग की जाती है। उन्होंने कहा कि देश में स्टील की मांग के अनुसार स्टील का उत्पादन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि हाल में केंद्रीय इस्पात मंत्री ने भी देश में तैयार स्टील को इंडस्ट्रीज, इमारतों के निर्माण व पुलों एवं फ्लाईओवर के निर्माण में प्रयोग लाने को प्राथमिकता देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि किसी भी इमारत की अगर नींव मजबूत हो तो उसे बनाने वाले को सालों तक उसकी कोई चिंता नहीं होती है। ऐसे ही उनकी कंपनी की स्टील भी लोगों को उनके पैसे की सही कीमत एवं सुरक्षा प्रदान करता है। इंटरलॉक स्टील कहा जाने वाला कामधेनु नेक्स्ट भूकंप में भी बेहतरीन सुरक्षा प्रदान करता है। गगनचुंबी इमारतें आज के समय की जरूरत बनती जा रही है और इन इमारतों को सुरक्षा प्रदान करने में टीएमटी सरिया की भूमिका अहम होती है, जितनी बेहतर इंटरलॉकिंग होगी इमारत उतनी ही टिकाऊ होगी।